हरिभूमि

# कोरिया भूमि

तापमान

अधिकतम 31 डिग्री

न्यूनतम 16 डिग्री

बिलासपुर, शनिवार 21 मार्च 2026

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]



2 खनिज माफिया पर बड़ी चोट 5 वाहन जब्त, मचा हड़कंप




## खबर संक्षेप

### मौसमः दिनभर रहा बादलों की आवाजाही

**सोनहत।** मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में 20 मार्च को मौसम का मिजाज दिनभर बदलता रहा। सुबह के समय आसमान में बादल छाए रहने से वातावरण हल्का ठंडा रहा। दोपहर के समय हल्की धूप निकलने और हवाएं चलने से मौसम कुछ साफ होता नजर आया। हालांकि दिनभर बादलों की आवाजाही जारी रहने और मौसम में उतार-चढ़ाव बने रहने से बारिश की संभावना भी बनी रही। स्थानीय लोगों के अनुसार ऐसे बदलते मौसम के कारण दिनभर वातावरण मिला-जुला बना रहा, जिसमें कभी धूप तो कभी बादल छाने का क्रम चलता रहा।

### देवी मंदिर परिसर में हुई साफ-सफाई



**बैकुण्ठपुर।** चैत्र नवरात्र में सभी देवी मंदिरों में माता के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु जुट रहे हैं, इसे ध्यान में रखते हुए नगर पालिका शिवपुर चरचा अध्यक्ष अरूण जायसवाल के द्वारा क्षेत्र के सभी मंदिर परिसर में विशेष रूप से साफ-सफाई का कार्य शुक्रवार को कराया गया। जानकारी के अनुसार नपा अध्यक्ष इस दौरान स्वयं मौके पर उपस्थित होकर सफाई व्यवस्था का जायजा भी लेते रहे। इस दिन चरचा क्षेत्र के आकृति मंदिर, हनुमान मंदिर, दुर्गा पंडाल, राम मंदिर, बद्रीनाथ मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

### पेयजल समस्या को लेकर धरना प्रदर्शन

**बिजुरी।** नगर में पेयजल की समस्या को लेकर नगरपालिका बिजुरी वार्ड नंबर 10 के पार्षद जय




कुमार व कांग्रेस पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष द्वारा उपक्षेत्रीय प्रबंधन कार्यालय बिजुरी के सामने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी का कहना है कि कॉलरी द्वारा हमारे क्षेत्र से कोयला उत्खनन कर हमारे क्षेत्र को खोखला कर दिया गया, इससे पूरे नगर में जल संकट का सामना करना पड़ रहा है और अचानक नगर में पानी सप्लाई भी बंद कर दिया गया। इन मांगों को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन भी सौंपा गया, जल्द से जल्द पानी सप्लाई चालू कराने की मांग की गई।

### अवैध रेत उत्खनन करते 5 ट्रैक्टर जब्त



**मनेन्द्रगढ़।** जिले में अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ खनिज विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए बड़ा अभियान चलाया है। कलेक्टर के निर्देश पर विभाग द्वारा लगातार क्षेत्रीय निरीक्षण और निगरानी की जा रही है, जिसके तहत हसदेव नदी से लगे चैनपुर क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर अवैध खनन पर लगाम कसने की कोशिश की गई। निरीक्षण के दौरान पिछले एक सप्ताह में मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र में अवैध रूप से रेत उत्खनन और परिवहन करते पाए गए कुल 5 ट्रैक्टर वाहनों को जब्त किया गया। इन वाहनों के खिलाफ छग गौण खनिज नियम 2015 तथा खान और खनिज विकास एवं विनियमन अधिनियम 1957 के तहत कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई के तहत संबंधित प्रकरणों में कुल 82 हजार 750 रूपए की अर्थदंड एवं समझौता राशि वसूल कर शासन के खाते में जमा कराई गई है।

# विश्व वानिकी दिवस आजः वनों की अवैध कटाई रोकने जन जागरूकता जरूरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

वन पृथ्वी के पारिस्थितिक तंत्र को संतुलित बनाए रखने में अहम स्थान रखता है। मानव जीवन के साथ वन्य जीवों के लिए वनों का विशेष महत्व रहता है साथ ही जलवायु परिवर्तन से लड़ने में भी वनों की बड़ी भूमिका होती है। इसे रेखांकित करने वर्तमान एवं आने वाली पीढ़ियों के लिए वनों के महत्व को बताने के लिए प्रतिवर्ष 21 मार्च को विश्व वानिकी दिवस दुनियाभर में मनाया जाता है।

इस दिन कोरिया जिले में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह दिन वनों की अंधाधुंध कटाई रोकने पौधरोपण को बढ़ावा देने के लिए आमजन को प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है, इसके लिए सरकार व आमजन की भागीदारी जरूरी है। कोरिया जिला वनों से आच्छादित जिला है। कोरिया के जंगलो में वैसे तो साल वृक्षों की भरमार हैं, लेकिन इसके अलावा विभिन्न तरह के कई वृक्ष भी हैं, ऐसे भी वृक्ष कोरिया के जंगलों में पाए जाते हैं, जो दुर्लभ वृक्ष में शामिल हो गए हैं। कोरिया जिले का उत्तरी क्षेत्र सघन वनों से भरा पड़ा है। जिले के ब्लाक मुख्यालय सोनहत से रामगढ़ मार्ग पर गुजरने पर सघन वन देखने को मिल जाएंगे, वह भी करीब 30 किमी तक सड़क के दोनों ओर विशाल क्षेत्र में फैले वन क्षेत्र हमें प्रकृति के गोद में ले जाता हैं, जिनका विहंगम नजारा देखते ही बनता है। इसी क्षेत्र में गुरूघासीदास तमोर पिंगला टाईगर रिजर्व क्षेत्र विस्तारित है, जहां टाईगर सहित दर्जनों प्रकार के जीव-जंतुओं का प्राकृतिक रहवास क्षेत्र भी है। कोरिया के घने क्षेत्र के लोगों आजीविका का साधन भी है और आज भी ग्रामीण क्षेत्र के काफी संख्या में लोग जंगलों पर वनोपज एवं अन्य कार्यों के लिए निर्भर है, जिनसे उन्हें समृद्धि का आधार मिला हुआ है। इतना ही नहीं कोरिया के जंगलों में टाईगर, हाथी, भालू, नेवला, गिलहरी, हिरन के साथ कई दुर्लभ जीव-जंतुओं का भी प्राकृतिक निवास स्थल है।



### वृक्ष को बचाते किया मंदिर निर्माण



वृक्ष का हमारे जीवन में काफी महत्व होता है। जीवन जीने के लिए ऑक्सीजन निःशुल्क जीवन भवन वृक्ष से ही मिलता है। कई वृक्ष को हम पूज्यनीय भी मानते हैं। यही कारण है कि कई जगहों पर हमें वृक्ष को बचाते भी देख सकते हैं। इसी तरह का एक नजारा सोनहत से कुछ दूरी पर स्थित जंगल के बीच बने देवी मंदिर निर्माण में मंदिर के बीच आ रहे बड़े पेड़ को बचाते हुए मंदिर का निर्माण कराया गया, जो वृक्ष का हमारे जीवन में महत्व को बताने के लिए काफी हैं।

### यहां कभी लगे थे कई पौधे आज निशान नहीं

सरकार द्वारा विभिन्न अवसरों पर पौधरोपण का कार्य कराती है और इसके लिए विभिन्न विभागों को पौधरोपण के लिए लक्ष्य प्रदान की जाती है, ताकि पौधरोपण को बढ़ावा देकर लोगों में जनजागरूकता लाई जाए, लेकिन कई जगहों पर पौधरोपण के बाद देख-रेख करना भूल जाते हैं। इसी तरह जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के शासकीय आदर्श रामानुज उमावि के सामने पूर्व में पौधरोपण कराए गए थे और लगाए गए पौधों की सुरक्षा के लिए घेराबंदी भी कराया गया था, लेकिन आज पौधरोपण स्थल पर एक भी पौधे नहीं दिखाई देते, केवल खाली मैदान दिखाई देता है। ऐसा हाल कई जगहों की है।

### कई प्राकृतिक नजारे भी मौजूद यहां

कोरिया जिला खनिज संसाधन के साथ वन संसाधनों से भी भरा पूरा है। यह कहना अतिशियोक्ति नहीं होगी कि कोरिया जिला प्रकृति की गोद में बसा जिला है। यहां घने जंगलों के बीच कई प्राकृतिक झरने, विहंगम प्राकृतिक नजारे भी देखने को मिलते हैं, जो घने जंगलों के बीच शहर के शोरगुल से दूर लोगों को आत्मिक शांति प्रदान करते हैं। गुरूघासीदास तमोर पिंगला टाईगर रिजर्व क्षेत्र में घने जंगलों के बीच बालम घाटी एक नयनाभिराम प्राकृतिक नजारा स्थित हैं।

## चिरमिरी पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# अंतरराज्यीय नशा तस्करी गिरोह का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल



■ 7 आरोपी गिरफ्तार

नशे के खिलाफ छेड़ी गई जंग में चिरमिरी पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए अंतरराज्यीय स्तर पर सक्रिय कुख्यात रसल एक्का गैंग का पदार्फाश कर दिया है। इस कार्रवाई में गिरोह के सभी 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है, इससे पूरे नेटवर्क की कमर टूट गई है। सबसे अहम खुलासा तब हुआ, जब पुलिस ने गिरोह की अंतिम कड़ी रंजीत कुमार विश्वकर्मा उम्र 40 वर्ष निवासी नवादा जिला गढ़वा को गिरफ्तार किया। रंजीत के पास से वैंदला वासु (हैदराबाद) का एटीएम कार्ड बरामद हुआ, जिसके जरिए नशीले इंजेक्शनों के अवैध कारोबार का रूपए। लगातार ट्रांजेक्शन के माध्यम से निकाला और संचालित किया जा रहा था। जांच में सामने आया कि यह एटीएम कार्ड खुद मास्टरमाइंड रसल एक्का ने रंजीत को दिया था और वहीं इस पूरे काले कारोबार की रकम को मैनेज करता था। इस खुलासे ने नशा तस्करी के पूरे फाइनेंशियल नेटवर्क को उजागर कर दिया। पूरे ऑपरेशन को पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक झा एवं पुलिस अधीक्षक एमसीबी रत्ना सिंह के निर्देश पर अंजाम दिया गया। चिरमिरी पुलिस ने सुनियोजित रणनीति के तहत एक-एक कर गिरोह के सभी सदस्यों को दबोच लिया। इस सनसनीखेज मामले की शुरूआत 7 अक्टूबर 2025 को हुई थी, जब पुलिस ने शेख अल्ताफ और किशन रजक को नशीले इंजेक्शन बेचते हुए रंगे हाथों पकड़ा। पूछताछ में मिले सुराग के बाद पुलिस ने शुभम यादव को हिरासत में लिया, जिससे इस नेटवर्क के सरगना रसल एक्का अंबिकापुर का नाम सामने आया, तब पुलिस द्वारा तेज कार्रवाई करते हुए रसल एक्का को रायपुर से गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने कबूला कि सरगुजा संभाग में नशे की सप्लाई उसी के नेटवर्क के जरिए होती थी। उसकी निशानदेही पर वैंदला वासु हैदराबाद और रजत कुमार सूरजपुर को भी गिरफ्तार किया गया। फिलहाल गिरोह के सभी आरोपी न्यायिक हिरासत में हैं और जिला जेल बैकुंठपुर भेजे जा चुके हैं। इस कार्रवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक, नगर पुलिस अधीक्षक चिरमिरी के मार्गदर्शन में, थाना प्रभारी विजय सिंह के नेतृत्व में गठित टीम की अहम भूमिका रही। टीम में सहायक उपनिरीक्षक नईम खान, आरक्षक राजीव रंजन तिवारी, अमित गुप्ता, सचिन खुरसेल एवं सैनिक प्रमोद साहू शामिल रहे।

## एलपीजी, पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता, शासन ने जारी किए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष की स्थिति को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार के पेट्रोलियम मंत्रालय द्वारा 13 मार्च को हुई समीक्षा के बाद छग राज्य में एलपीजी, पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता और वितरण को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। राज्य शासन ने स्पष्ट किया है कि राज्य में ऑयल कंपनियों के पास तीनों ईंधनों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, इसलिए आम उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की अफवाह या दुष्प्रचार से प्रभावित होने की आवश्यकता नहीं है। अनावश्यक रूप से एलपीजी की बार-बार बुकिंग या पेट्रोल-डीजल का संग्रहण करने से बचने की अपील की गई है।

खाद्य विभाग द्वारा एलपीजी, पेट्रोल एवं डीजल के स्टॉक की प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जा रही है। जिलेवार स्टॉक, वितरण और शेष मात्रा की समीक्षा कर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। अवैध भंडारण और दुरुपयोग पर नियंत्रण के लिए जिला प्रशासन और खाद्य विभाग की ⏭ शेष पेज 4 पर

### एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए महत्वपूर्ण सलाह

घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं को सलाह दी गई है कि वे निर्धारित अंतराल के अनुसार ही रिफिल बुकिंग कराएं। नगरीय क्षेत्रों में 25 दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन का अंतराल निर्धारित है। अफवाहों के कारण बार-बार बुकिंग करने से बचने की अपील की गई है। व्यावसायिक एलपीजी की आपूर्ति वर्तमान में प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक सेवाओं जैसे अस्पताल एवं शैक्षणिक संस्थानों को दी जा रही है। साथ ही बिना लाइसेंस 100 किलोग्राम से अधिक एलपीजी भंडारण पर प्रतिबंध है। होटल एवं अन्य प्रतिष्ठानों को गैस की बचत के लिए वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों के उपयोग और सीमित मेन्यू अपनाने की सलाह दी गई है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि एलपीजी, पेट्रोल एवं डीजल की जमाखोरी और कालाबाजारी पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। दोषी पाए जाने पर संबंधित एजेंसी या व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सभी गैस एजेंसियों और उचित मूल्य दुकानों को निर्देश दिए गए हैं कि वे एलपीजी बुकिंग, वितरण और सुरक्षा संबंधी जानकारी प्रमुखता से प्रदर्शित करें, ताकि उपभोक्ताओं को सही जानकारी मिल सके।

## अवैध शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार, भेजे गए जेल



**बैकुण्ठपुर।** जिले में अवैध शराब निर्माण, विक्रय और तस्करी के खिलाफ आबकारी विभाग लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में चरचा क्षेत्र में अवैध शराब बेचने जा रहे दो युवकों को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया। सचिव आबकारी श्रीमती आर. संगीता एवं कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार जिला आबकारी अधिकारी द्वारा यह कार्रवाई की गई। 19 मार्च को सहायक जिला आबकारी अधिकारी को मुखबीर से सूचना मिली कि आनी ग्राम से दो व्यक्ति मोटरसाइकिल के माध्यम से शराब लेकर चरचा बेचने जा रहे हैं। सूचना के आधार पर खरवत चौक पर नाकाबंदी की गई, जहां मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 16 सीएस 8762 (स्प्लेंडर) को रोका गया। जांच के दौरान अनिल कुमार कुजूर निवासी चरचा मोटरसाइकिल चला रहा था, जबकि पीछे बैठे प्रदीप दास के पास एक काले बैग में शराब रखी हुई थी। तलाशी लेने पर बैग से 5 नग, 2-2 लीटर की प्लास्टिक बोतलों में भरी महुआ शराब बरामद की गई। अवैध परिवहन करते पाए जाने पर दोनों आरोपियों के विरूद्ध छग आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) एवं 47 के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। बाद में उन्हें न्यायालय बैकुंठपुर में पेश किया गया, जहां से 14 दिनों की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई के दौरान उपयोग की गई मोटरसाइकिल को भी जब्त कर कलेक्टर न्यायालय में राजसात की कार्रवाई के लिए प्रकरण प्रस्तुत किया जाएगा। इस कार्रवाई में आबकारी अमले का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## महिला जागरूकता पत्रक का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़



वी क्लब ऑफ इंडिया द्वारा महिला सशक्तिकरण को लेकर सराहनीय पहल करते हुए जागरूकता पत्रक का विमोचन किया गया।

मनेन्द्रगढ़ में वी क्लब ऑफ इंडिया, डिस्ट्रिक्ट 323-जी-3 के सत्र 2025-26 के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक प्रेरणादायक पहल सामने आई है। क्लब की ओर से जारी संदेश में समाज में महिलाओं की भूमिका, शिक्षा के महत्व और आत्मनिर्भरता पर विशेष जोर दिया गया है। कार्यक्रम का नेतृत्व डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट वी. मनीषा सोनी के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। वहीं माइक्रो चेयर पर्सन के रूप में वी. इंद्रा सेंगर को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जो इस दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा से कर रही हैं। एरिया प्रेसिडेंट वी. रत्नलता त्रिपाठी के सहयोग से इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम लगातार जारी हैं। कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी श्रीमती इंद्रा सेंगर द्वारा संदेश में कहा गया है कि शिक्षा जीवन का अमूल्य उपहार है और एक शिक्षित नारी पूरे समाज को दिशा देने की क्षमता रखती है। बेटी, पत्नी और मां समाज की नींव को मजबूत बनाती हैं। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी योग्यता का लोहा मनवा रही हैं और विपरीत परिस्थितियों में भी आत्मविश्वास और आत्मबल के साथ आगे बढ़ रही हैं। कार्यक्रम के दौरान क्लब की अध्यक्ष वी बबीता अग्रवाल ने रेखांकित किया कि महिलाओं को केवल सम्मान देना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि उन्हें अपनी शक्ति पहचानने और अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करना भी जरूरी है। क्लब की यह पहल समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। उल्लेखित है ⏭ शेष पेज 4 पर




## खबर संक्षेप

### शहर की बेटी ने युवा वैज्ञानिक का पुरस्कार प्राप्त कर जिला का किया नाम रौशन

**अम्बिकापुर।** शहर के बिलासपुर चौक समीप निवासी श्याम गुप्ता पप्पू की पुत्री किरण गुप्ता ने ऊर्जा उत्पादन एवं संचालन में राज्य सरकार द्वारा



युवा वैज्ञानिक का पुरस्कार प्राप्त करके पूरे जिला का नाम रौशन किया है। किरण गुप्ता की इस उपलब्धि पर परिजन सहित शहरवासियों में हर्ष व्याप्त है। विदित हो कि इससे पहले भी किरण गुप्ता ने 2022 में भी पीजी फिजिक्स में राष्ट्रपति पुरस्कार से पुरस्कृत होकर अपने मेघावी छात्रा होने का परिचय दिया था। वर्तमान में किरण गुप्ता गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में ऊर्जा उत्पादन में पीएचडी कर रही है।

### शिविर में 124 दिव्यांगजनों ने कराया पंजीयन


**अम्बिकापुर।** जनपद पंचायत लखनपुर में मंगलवार को दिव्यांगजनों हेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दिव्यांगजनों को पंजीयन, चिकित्सा परीक्षण, प्रमाण पत्र निर्माण एवं आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई गई। शिविर में दिव्यांगजनों का पंजीयन किया गया, जिसमें अस्थि बाधित 71, दृष्टि बाधित 16, मानसिक 19, बहु विकलांग 06, श्रवण बाधित 01, मूक-बधिर 08, कुष्ठरोगी 2 एवं अन्य 1 शामिल रहे। इस प्रकार कुल 124 दिव्यांगजनों का पंजीयन किया गया। शिविर के दौरान दिव्यांगजनों को प्रमाण पत्र भी जारी किए गए। जिनमें दृष्टि बाधित 1, अस्थि बाधित 20, कुष्ठरोगी 2, श्रवण बाधित 4 एवं मानसिक 14 शामिल हैं। इस प्रकार कुल 41 दिव्यांग प्रमाण पत्र वितरित किए गए। शिविर का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को शासकीय योजनाओं का लाभ प्रदान करना एवं उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना रहा। इस अवसर पर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रकाश सिंह, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### इको टूरिज्म कार्यशाला के तीसरे दिन सतत पर्यटन और प्रकृति संरक्षण पर विचार



**प्रेमनगर।** शासकीय नवीन महाविद्यालय में राष्ट्रीय उच्च शिक्षा अभियान अंतर्गत इको टूरिज्म विषय पर आयोजित पांच दिवसीय कार्यशाला के तीसरे दिन विशेषज्ञों ने सस्टेनेबल टूरिज्म प्रैक्टिसेस विषय पर केंद्रित सत्र ने विद्यार्थियों और उपस्थित जनों को नई दिशा प्रदान की। कार्यशाला में पंजीकृत 50 प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी ने भी कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी एवं सफल बनाया। कार्यशाला के इस तीसरे दिन ने विद्यार्थियों को न केवल पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया, बल्कि उन्हें स्थानीय संसाधनों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी प्रेरित किया।

### प्रेमनगर के सामुदायिक भवन में हुई सामाजिक सद्भावना बैठक



**प्रेमनगर।** सामुदायिक भवन में सामाजिक सद्भावना बैठक का आयोजन किया गया। विकास खंड स्तरीय बैठक में विभिन्न जाति समाज के समाज प्रमुखों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का मुख्य वक्ता प्रणव चक्रवर्ती, डीसी सोरी के अध्यक्षता तथा पुष्पराज पांडे के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम भारत माता के छाया चित्र में धुप, दीप जलाकर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। परिचय उपरांत सभी जाति समाज के समाज प्रमुखों ने क्रम से अपने समाज के पारम्परिक, संस्कृति परम्परा एवं सामाजिक सद्भावना के लिए अपने विचार रखे। जायसवाल समाज के जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र जायसवाल, साहू समाज के तहसील साहू समाज के अध्यक्ष राजपाल साहू, उरांव समाज प्रतिनिधि श्रीमती शांति कुजुर, बंजारा समाज से प्रमोद बंजारा, यादव समाज से महेंद्र यादव, राजवाडे समाज से रामलाल राजवाडे, रोतिया समाज से रामनारायण तंवर, रविदास समाज से परमेश्वर चौधरी, बिझिया समाज से विजय सिरदार, अग्रवाल समाज से नरेश अग्रवाल, गोड समाज से शिवनंदन मरावी, ब्राह्मण समाज से पुष्पराज पांडे सहित अठारह समाज प्रमुख की उपस्थिती में विभिन्न सामाजिक प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखे। साथ ही शपथ लिए कि जागरुक और समरसता युक्त अपने प्राचीन संस्कृति को जिंवत रखते हुए भारतीय समाज के नींव को मजबुत बनाकर राष्ट्र के उन्नति में अपना योगदान देंगे।

### सेजेस स्कूल के बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण, दी गई महत्वपूर्ण जानकारी

**राजपुर।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद स्कूल राजपुर के कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम तीन चरणों में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने मां महामाया शक्कर कारखाना केरता का अवलोकन किया, जहां उन्हें गन्ने से चीनी बनने की पूरी प्रक्रिया विस्तार से समझाई गई। इसके अलावा कृषि विज्ञान केंद्र, अंबिकापुर में आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत बीजों तथा खेती के नए तरीकों की जानकारी दी गई, जिससे विद्यार्थियों में कृषि के प्रति जागरूकता बढ़ी।

### जान पहचान की महिला ने झांसा देकर दी थी ठगी को अंजाम

# ठगी के मामले में पुलिस ने दो महिला सहित 4 अंतर्राज्यीय आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ठगी के मामले में कोतवाली पुलिस के हाथ न सिर्फ बड़ी सफलता लगी बल्कि पुलिस ने ठगी को अंजाम देने वाले 4 अंतर्राज्यीय आरोपियों को गिरफ्तार किया है। हैरानी की बात यह है कि ठगी कोई और नहीं बल्कि पीड़ित के यहां लगभग 7-8 से घी देने वाली परिचित महिला ने अंजाम दिया था। आरोपी महिला ने पीड़ित को झांसे में लेकर उसे नकली सोने की बिस्किट थमा कर उसके पास से नकद सहित लगभग 20 लाख कीमत के सोने के जेवरात ठग कर फरार हो गई। पीड़ित के रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने आरोपी महिला सहित उसके तीन सहयोगियों को भी न सिर्फ पकड़ा बल्कि उनके कब्जे से ठगी की 20 लाख नकद, सोना सहित 37 लाख के सामान बरामद किया है।

**खास बात**
- पुलिस ने 20 लाख नगद सहित 37 लाख कीमत के सोना व सामान किया बरामद

मामला का खुलासा करते हुए नगर पुलिस अधीक्षक राहुल बसंल ने बताया कि 8 मार्च को प्रार्थी ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसके घर मे मंजू नाम की महिला करीब 7-8 वर्षों से घी बेचने के लिए आती थी। जो अपने को राजस्थान किशनगढ़ की रहने वाली बताई थी, होली त्यौहार से पहले मंजु उसके घर आई थी। जो अपने साथ सोने का बिस्किट लाई थी। महिला ने उसके घर में शादी होने तथा सोने की बिस्किट से जेवर बनवाने की बात कह कर दिखाई। साथ ही सोने के बिस्किट का गहना बनवा देने की बात कही। पीड़ित ने होली त्यौहार के बाद सोनार से गहना बनवा देने की बात कही। होली त्यौहार के बाद मंजू अपने 2 महिला साथियों के साथ 7 मार्च की शाम आई। मंजू अपने साथ लाई सोने का बिस्किट को प्रार्थी को देकर बोली की आपके घर में शादी अभी लेट है, मेरे यहां शादी तत्काल है। आप अपने लडकी के लिए जो जेवर बनवाये है उसे व करीब 15-20 लाख रुपये भी दे दिजिए। जिस पर पीड़ित ने लडकी के लिए बनवाये गए जेवर से ज्यादा मात्रा का होने से लडकी का जेवर कान का टप्स, कंगन, हार, अंगुठी तथा अपने पास बेटी की शादी के लिए रखे 15 लाख रुपये नगद दे दिया। बदले में उसके द्वारा दिए गए सोने का बिस्किट को अपने पास रख लिया। तीनो सोना का जेवर व नकदी रूपय पीड़ित के घर से लेकर चले गए। महिलाओं के जाने के करीब आधा घण्टा बाद प्रार्थी को ठगी का एहसास हुआ तब प्रार्थी सोने के बिस्किट को पडोस के सोनार दुकान के यहां ले जाकर जांच कराई तो पता चला कि मंजु नामक महिला व उसके अन्य 2 महिला साथी द्वारा नकली सोने का बिस्किट देकर उसके बदले में जेवरात व नकदी 15 लाख रुपये छलपूर्वक ठगी कर ले गए। पीड़ित के रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 318(4), 61(2), 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। इधर एसएसपी राजेश अग्रवाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए। विशेष पुलिस टीम का गठन कर मामले में शामिल आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर ठगी का सामान बरामद करने के निर्देश दिए। कोतवाली एवं साइबर सेल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा दौरान विवेचना घटनास्थल का निरीक्षण कर सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन कर मामले के आरोपियों की पहचान कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। ,संयुक्त पुलिस टीम द्वारा तकनीकी सहायता से आरोपियों के संबंध मे जानकारी प्राप्त कर पुलिस टीम को मामले के आरोपियों को गिरफ्तार करने गुजरात रवाना हुई। पुलिस टीम के सतत प्रयास से मामले मे शामिल आरोपियों की घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ किया। पूछताछ में मंजू राठौर पति उत्तम राठौर (44 वर्ष) अजीधाम जिला राजकोट गुजरात, संतोष राठौर आ. श्याम राठौर (45 वर्ष) का होना बताया। पूछताछ करने पर आरोपियों ने ठगी करने बात कबूल की। आरोपियों के निशानदेही पर 7 लाख 78 हजार रुपये नगद एवं 1 सोने का कड़ा बरामद किया गया। साथ ही मामले मे शामिल अन्य आरोपियों के प्रयागराज मे होने एवं बचत मशरुका एवं सोना आरोपियों के पास होने की जानकारी पर पुलिस टीम प्रयागराज उत्तरप्रदेश रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा प्रयागराज से प्रकरण मे शामिल आरोपियों की घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ किया गया, जो आरोपियों द्वारा अपना नाम सुनीता गुजराती पति रवि गुजराती (35 वर्ष) धाँगतरा गुजरात हाल मुकाम भावपुरा थाना करौली प्रयागराज उत्तरप्रदेश तथा कमला गुजराती आ. पप्पू गुजराती (45 वर्ष) को प्रयागराज से अभिरक्षा मे लेकर घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर घटना को अंजाम देने की बात बताई। आरोपियों के पास से 12 लाख 53 हजार रुपये नगद एवं सोने का एक कड़ा बरामद किया गया। पुलिस ने सभी आरोपियों से कुल 20 लाख 31 हजार रुपये नगद एवं सोने का 2 कड़ा, 4 नग मोबाइल कुल लगभग 37 लाख रुपये बरामद किया गया है। आरोपियों से शेष ठगी का सोना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर शेष सोना को प्रयागराज मे एक सोनार को बिक्री करने की बात बताई। कार्रवाई में कोतवाली प्रभारी शशिकान्त सिन्हा, साइबर सेल प्रभारी सहायक उप निरीक्षक अजीत मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक अदीप प्रताप सिंह, सहायक उप निरीक्षक विनय सिंह, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, प्रधान आरक्षक विकास सिन्हा, महिला आरक्षक सरस्वती, आरक्षक मनीष सिंह, जितेश साहू, विवेक राय, अशोक यादव, विकास मिश्रा सक्रिय रहे।



मामले की खुलासा करते सीएसपी, जब्त रूपए व आरोपी।

### सूने मकान से नगदी व जेवर चोरी करने वाला अपचारी बालक गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** सूने मकान से नगदी व जेवर की चोरी के मामले में पुलिस ने विधि से संघर्षरत बालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक लाख रूपए नगदी समेत जेवर बरामद किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बतौली के कुडोपारा पोपरेंगा निवासी भिनसारी मिंज 17 मार्च को ताला लगाकर पति के साथ खेत में पानी पटाने एवं बैल चराने गई हुई थी। दम्पति जब दिन में 11 घर वापस लौटा तो देखा कि घर व अंदर आमलारी व बक्सा का ताला टुटा हुआ मिला और सामान बिखरा पड़ा था। इस दौरान प्रारंभिक रूप से एक लाख रुपए नगदी और जेवर गायब थे। जब दम्पति के घर से बाहर निकलकर आस पास जानकारी हासिल की तो गांव के लोगों ने बताया कि एक लड़का भिनसारी के घर की तरफ से गुजरा था। ऐसे में लोगों ने पीछा कर उक्त बालक को पकड़कर उसके पैकेट की तलाशी ली। तलाशी के दौरान नाबालिग के पैकेट से कुल 1 लाख 3 हजार 100 रुपए व सोने का लॉकेट और सोने का टॉप बरामद किया गया। ग्रामीणों ने घरना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने दिनदहाड़े सूने मकान से चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी से नगदी व जेवर जब्त करने के साथ ही उसे बीएनएस की धारा 331(3), 305(ए) के तहत विधि से संघर्षरत बालक को गिरफ्तार कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। इस कार्रवाई में बतौली थाना प्रभारी विवेक सेंगर, सउनि संजय गुप्ता, प्रधान आरक्षक अनूप कुजूर, आरक्षक राजू कुजूर, राजेश खलखो, जोगी बड़ा, राकेश एक्का, भगलू राम, संतोष सक्रिय रहे।

- ग्रामीणों ने पकड़कर किया पुलिस के हवाले, खेत में काम करने गया था परिवार

## अमेरा खदान में कोयला चोरों ने सुरक्षा कर्मी पर की पत्थरबाजी, सिर में चोट लगने से जवान गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की अमेरा खुली खदान में कोयला चोरी रोकने के दौरान त्रिपुरा राइफल के एक जवान पर चोरों ने पत्थरबाजी कर दी, जिसमें सिर में चोट लग जाने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। खून से लथपथ घायल जवान मो. मोइनुल हसन को साथी जवानों ने तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया है जहां सिर में तीन टाँके लगने के बाद उसकी हालत स्थिर बताई गई है।

- लहूलुहान हुए घायल जवान को साथी जवानों ने उपचार हेतु अस्पताल में कराया भर्ती, हालत स्थिर

प्राप्त जानकारी अनुसार,बुधवार 18 मार्च की रात ड्यूटी पर तैनात जवान मोइनुल हसन ने कुछ लोगों को खदान में घुसते देखा और सीटी बजाकर उन्हें बाहर जाने की चेतावनी दी,इसी दौरान मौके पर अकेले मौजूद जवान को देख कोयला चोरों ने अचानक पथराव शुरू कर दिया,इससे पहले कि वह स्थिति संभाल पाता, एक पत्थर उसके सिर के साइड में व कान के ऊपर जा लगा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया,शोर सुनकर अन्य जवान मौके पर पहुंचे और लहूलुहान हुए जवान को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की सूचना क्षेत्रीय प्रबंधन द्वारा लखनपुर पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है।



बताया जाता है कि अमेरा खदान में लंबे समय से संगठित तरीके से कोयला चोरी हो रही है,सुरक्षा कर्मियों की कमी का फायदा उठाकर चोर खुलेआम खदान में प्रवेश करते हैं और विरोध करने पर हमलावर हो जाते हैं।बताया गया कि सुरक्षा कर्मियों द्वारा कोयला चोरों की धरपकड़ कार्यवाही करने एवं पुलिस को सौंपने पर स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों द्वारा आरोपियों को छोड़ने का दबाव बनाया जाता है जिससे कि कोयला चोर गिरोह के हौसले बुलंद हैं।

### एक दिन पूर्व ही गायत्री खदान में हुई है कार्रवाई

गौरतलब है कि एक दिन पूर्व ही सूरजपुर बिश्रामपुर संयुक्त पुलिस दल ने गायत्री खदान में दबिश देकर सैकड़ों बोरियों में भरे 33 टन कोयला को जप्त किया जिसकी कीमत करीब दो लाख रुपये बताई गई है,बताया गया कि पुलिस की अचानक दबिश से मौके पर मौजूद कोयला चोर अँधेरे का फायदा उठाकर लुक छिपकर मौके से भागने में सफल हो गये,मौके से जप्त हुई दर्जन भर से अधिक बाइक के मालिकों की पतासाजी की जा रही है, जिसके बाद आरोपियों पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

### प्रधानमंत्री आदर्श योजनांतर्गत 12 हितग्राहियों को दिया गया उच्च नस्ल के बकरी-बकरा

**रामानुजगंज।** पशुधन विकास विभाग के उप संचालक डॉ. शिशिर कांत पाण्डेय के निर्देशानुसार विकासखंड रामचंद्रपुर के अतिरिक्त उप संचालक डॉ. एसएस सेंगर के मार्गदर्शन में केंद्र प्रवर्तित प्रधानमंत्री आदि आदर्श योजना अंतर्गत ग्राम नगरा, देवगई, भीतियाही, महादेवपुर एवं केवली के अनुसूचित जनजाति के 12 हितग्राहियों को बकरी इकाई वितरण 5 नग ग्रेडेड बकरी एवं 1 नग ग्रेडेड बकरा प्रदाय किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत पशु चिकित्सालय रामानुजगंज के प्रांगण मे कृषि स्थाई समिति सभापति जनपद पंचायत रामचंद्रपुर राजकुमार यादव, जनपद सदस्य अशर्फी यादव एवं जनपद पंचायत सीईओ के प्रतिनिधि रट्टू सिंह की उपस्थिति में हितग्राहियों को बकरी इकाई वितरण किया गया। बकरी इकाई वितरण कार्यक्रम में ग्राम नगरा के 2, देवगई के 3, भीतियाही के 2, केवली के 1 एवं महादेवपुर के 4 अजजा हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इस दौरान बीबी गुप्ता, लवकेश पांडेय, विजय कुमार पाल, रमेश पुरी, आनंद राम, गोपाल राम, मुकेश पाल, रामकुमार पूसाम, राम लखन पाल, संतोष कश्यप, गोपाल प्रजापति एवं रामकुमार सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।




### संभाग स्तरीय स्पर्धा में जिले के 410 खिलाड़ी होंगे शामिल

**सूरजपुर।** जिला प्रशासन व खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संभाग स्तरीय सरगुजा ओलंपिक प्रतियोगिता में भागीदारी की तैयारी पूर्ण कर ली गई है।

यह प्रतियोगिता 21 से 23 मार्च तक सरगुजा में आयोजित की जाएगी, जिसमें जिले के जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी संभाग स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिला से कुल 410 प्रतिभागी इस संभागीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।



## प्रशासन ने महामाया पहाड़ से सटी नजूल भूमि से हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

एसडीएम फागेस सिन्हा के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने महामाया पहाड़ से सटे नजूल भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया है। एक निजी स्कूल द्वारा लगभग 3 एकड़ शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर खेल मैदान के रूप में उपयोग किया जा रहा था।

- निजी स्कूल भूमि पर कब्जा कर बनाया था स्कूल मैदान

महामाया पहाड़ पर बेखौफ चल रहे अवैध अतिक्रमण की शिकायत पर एक बार फिर वन एवं राजस्व विभाग के अधिकारी सक्रिय हो गए हैं। एक निजी स्कूल ने महामाया पहाड़ से सटी लगभग 3 एकड़ नजूल भूमि पर अतिक्रमण किया था तथा भूमि का उपयोग खेल मैदान के रूप में किया जा रहा था। स्कूल प्रबंधन ने पूर्व में कांग्रेस सरकार द्वारा निर्धारित 152 फीसदी के तहत अतिक्रमित भूमि के व्यवस्थापन हेतु आवेदन भी किया था। तत्कालीन कलेक्टर ने स्कूल प्रबंधन द्वारा 152 फीसदी दर से भूमि व्यवस्थापन करने संबंधी आवेदन को अगस्त 2024 में ही निरस्त कर दिया था। प्रशासन द्वारा आवेदन निरस्त करने के बावजूद स्कूल प्रबंधन नजूल भूमि का उपयोग खेल गतिविधियों के लिए कर रहा था। गुरूवार को शाम 3 बजे एसडीएम फागेश सिन्हा के नेतृत्व में राजस्व व पुलिस विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची तथा जेसीबी की मदद से शासकीय भूमि पर निजी स्कूल के अवैध अतिक्रमण को हटाया।

इस संबंध में एसडीएम श्री सिन्हा ने बताया कि शासकीय भूमि के व्यवस्थापन संबंधी स्कूल प्रबंधन के आवेदन को कलेक्टर द्वारा निरस्त कर दिया था। प्रशासन द्वारा पुलिस एवं ननि अमले के सहयोग से लगभग 3 एकड़ शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया।

## झिरमिटी में अंग्रेजी शराब दुकान खोलने का विरोध, कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा जिले के झिरमिटी में स्थापित होने वाली अंग्रेजी शराब दुकान का विरोध शुरू हो गया है। ग्रामीणों व सरपंच ने फर्जी प्रस्ताव के आधार पर दुकान खोलने का आरोप लगाया है और मामले की जांच करने के साथ ही शराब दुकान को निरस्त करने की मांग की है। इस संबंध में ग्रामीणों ने कलेक्टर से मिलकर ज्ञापन सौंपा है। इधर विभाग का कहना है कि क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री करने वाले इसका विरोध करा रहे है फिर भी शिकायत की जांच कराई जाएगी।

- फर्जी प्रस्ताव व सरपंच के हस्ताक्षर का भी लगाया आरोप



बताया जा रहा है कि उदयपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत झिरमिटी में शासकीय अंग्रेजी शराब दुकान खोलने की प्रक्रिया चल रही है और टेंडर विज्ञापन भी जारी हो चुका है। इस बीच मंगलवार को कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीणों ने शराब दुकान खोलने जाने का विरोध जताते हुए गंभीर आरोप लगाए। गांव के सरपंच चन्दन एक्का का कहना है कि 13 मार्च 2025 को ग्राम पंचायत से प्रस्ताव देने की बात कही जा रही है लेकिन इसकी जानकारी सरपंच और ग्राम पंचायत को नहीं है। प्रस्ताव पर सरपंच के फर्जी हस्ताक्षर कर सील लगाए गए है जबकि सरपंच ने कोई हस्ताक्षर नहीं किया। सरपंच का दावा कि वह हिंदी में हस्ताक्षर करता है जबकि प्रस्ताव पर अंग्रेजी में हस्ताक्षर किया गया है। गांव की महिलाओं का कहना है कि वे प्रारंभ से गांव में महुआ शराब बनाए जाने का विरोध करती आ रही है और अब गांव में अंग्रेजी शराब दुकान खुलने जा रहा है। शराब के कारण युवा नशे की गर्त में जा रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि फर्जी प्रस्ताव व सरपंच के हस्ताक्षर की जांच की जाए और दोषियों पर कार्रवाई करने के साथ ही शराब दुकान को निरस्त किया जाए। ग्रामीणों ने गांव में शराब दुकान खुलने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

इधर इस मामले में जिला आबकारी अधिकारी एलसी गायकवाड़ का कहना है कि गांव में शराब दुकान खोलने की प्रक्रिया के साल से चल रही है। उस समय ग्रामीणों ने कोई विरोध नहीं किया। शराब दुकान का प्रस्ताव सरपंच सचिव ने दिया था और शासन से अनुमति मिलने के बाद दुकान खोली जा रही है। ग्रामीणों के आरोप की जांच कराई जाएगी लेकिन अवैध शराब बेचने वाले चाहते है कि दुकान ना खुले। क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। अवैध शराब बिक्री से शासन को राजस्व का नुकसान होता है।

## लुण्ड्रा में धूमधाम से मनाई गई माता कर्मा जयंती

**अम्बिकापुर।** लुंड्रा में साहू समाज द्वारा कर्मा माता जयंती बड़े ही हर्षोल्लास एवं श्रद्धा भाव के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ माता कर्मा के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन, पुष्पमाला अर्पण एवं आरती के साथ हुआ। इसके पश्चात भव्य रैली निकली गई जिसमें गाजे-बाजे, भजन-कीर्तन एवं जयकारों के साथ महिलाओं एवं पुरुषों ने भाग लिया। पूरा नगर भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान हो उठा। नगर भ्रमण के उपरांत रैली पुनः कार्यक्रम स्थल पहुंची, जहां कार्यक्रम आयोजित किया गया।

- बड़ी संख्या लोगों ने की भागीदारी



इस अवसर पर मुख्य अतिथि लक्ष्मी गुप्ता ने कहा कि माता कर्मा केवल एक धार्मिक प्रतीक नहीं, बल्कि समाज सुधार, एकता और जागरूकता की सशक्त प्रेरणा हैं। उन्होंने बताया कि माता कर्मा का जन्म एकादशी के पावन दिन हुआ था और उन्होंने अपने जीवन में ऐसे अनेक कार्य किए, जो आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने कहा कि उस समय समाज में कई प्रकार की रूढ़िवादी एवं गलत परंपराएं प्रचलित थीं, जिन्हें माता कर्मा ने साहसपूर्वक समाप्त कर समाज को एकता के सूत्र में पिरोया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए देव कुमार गुप्ता ने कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों और बुराइयों को समाप्त करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस दौरान केके गुप्ता, बीएन गुप्ता, रामावतार गुप्ता, प्रयागराज साहू, ईश्वर नाथ साह, सुरेश गुप्ता, कन्हैया गुप्ता संजय गुप्ता, सदानंद गुप्ता, श्रीमती रूपा गुप्ता, उपेंद्र गुप्ता, गिरधारी गुप्ता, रामनरेश राम साहू, इंद्रमणि साहू, रघुरेश प्रसाद गुप्ता, इंद्रमणि गुप्ता, नंदू प्रसाद गुप्ता, भक्तु साहू, नंदू गुप्ता, रमेश प्रसाद गुप्ता, कृष्णा गुप्ता, शिवकुमार साहू, दीपक कुमार गुप्ता, राकेश कुमार गुप्ता, सुरजी देवी, जयंती साहू, प्रियंका गुप्ता, आशा साहू शांति देवी, नीलू गुप्ता, पुष्पा गुप्ता, अजय गुप्ता, अजीत गुप्ता, रंजीत गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।

### ट्रैक्टर दुर्घटनाग्रस्त चालक की मौत

**अम्बिकापुर।** चंदौरा थाना अंतर्गत ग्राम डांड़कारवा निवासी राम सुंदर आ. धीर साय (38 वर्ष) बुधवार को ट्रैक्टर लेकर खेत में मिट्टी पाटने गया था। राम सुंदर के शाम तक घर नहीं आने पर छोटे भाई जुटकुल सिंह ने उसके मोबाइल में फोन किया तो कोई अज्ञात व्यक्ति ने बताया ट्रैक्टर के एक पहिया गड्ढे में चला गया जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन तत्काल मौके पर पहुंच निजी वाहन से घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत चालक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव परिजन के सुपुर्द किया है।

### सम्पूर्णता अभियान 2.0 के तहत हुई विज्ञान एवं गणित क्विज प्रतियोगिता

अम्बिकापुर। कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय अग्रवाल के मार्गदर्शन में आकांक्षी विकासखंड लखनपुर के अंतर्गत संचालित सम्पूर्णता अभियान 2.0 के तहत शिक्षा विभाग द्वारा विकासखण्ड स्तरीय विज्ञान एवं गणित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विकासखण्ड के 33 संकुलों से विज्ञान एवं गणित विषय के चयनित विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना तथा गणित एवं विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना रहा। गणित विषय की प्रतियोगिता में पूर्व माध्यमिक शाला अंरो के धनंजय पैकरा ने प्रथम स्थान, पूर्व माध्यमिक शाला जुनाग लखनपुर की खुशी ठाकुर ने द्वितीय स्थान, पूर्व माध्यमिक शाला जुंडटुरा के दिलीप राजवाड़े ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं विज्ञान विषय की प्रतियोगिता में पूर्व माध्यमिक शाला बलंगी के सोन राजवाड़े ने प्रथम स्थान, पूर्व माध्यमिक शाला लटपटरा के शबनम ने द्वितीय स्थान, पूर्व माध्यमिक शाला पुटू के विकास कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



# फोर्स के तीसरे सीक्वल के लिए वजन बढ़ा रहे हैं हर्षवर्धन

**मुंबई।** हर्षवर्धन राणे इन दिनों अपनी फिल्म 'फोर्स' के तीसके सीक्वल को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म के लिए हर्षवर्धन को कड़ी मेहनत करनी पड़ रही है, जिसको लेकर अभिनेता ने सोशल मीडिया पोस्टर के जरिए अपने निर्धारित वजन बढ़ाने के टारगेट के बारे में खुलाया किया है। हर्षवर्धन ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर जिम से अपनी कई तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही बताया कि अगले महीने फिल्म में आने वाले एक बड़े एक्शन सीन के लिए उन्हें अपना वजन बढ़ाना पड़ रहा है। हर्षवर्धन ने लिखा कि पहले फिल्म 'सनम तेरी कसम' और 'एक दीवाने की दीवानियत' के समय उनका वजन 81 किलो था। लेकिन इस फिल्म के लिए उन्हें 92 किलो तक पहुंचना है।



लाइफ Style

# ममता

## संन्यासी जीवन भूल दोस्तों के साथ पहुंचीं गोवा

*ममता कुलकर्णी अब एक बार फिर अपने बदले अंदाज को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में वह गोवा में दोस्तों के साथ नजर आईं, जहां उनका ग्लैमरस लुक कैमरे में कैद हुआ। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीरों में ममता स्टाइलिश और कॉन्फिडेंट अवतार में दिखीं।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ममता इस नए रूप ने फैंस को चौंका दिया है, क्योंकि वह लंबे समय से लाइमलाइट से दूर थीं। अब उनका यह अंदाज चर्चा का विषय बना हुआ है। साल 2025 के महाकुंभ में गेरुआ चोला पहन संन्यासी जीवन अपनाने को लेकर चर्चा में रहीं ममता कुलकर्णी एक बार फिर अपने बदले अंदाज को लेकर सुर्खियों में हैं। महाकुंभ में वह किन्नर अखाड़े के साथ जुड़ीं और महामंडलेश्वर पद पर आसीन हुईं और श्री यमाई ममता नंद गिरि हो गईं। इस पर काफी विवाद भी हुआ। इसी साल 27 जनवरी को ममता कुलकर्णी ने किन्नर अखाड़ा के महामंडलेश्वर पद से इस्तीफा भी दे दिया। उन्होंने कहा था कि मैंने 25 साल का आध्यात्मिक जीवन जीया। अभ्यास जैसे पहले जारी था, आगे भी रहेगा। लेकिन, अब उनके रंद-ढंग बदले-बदले नजर आ रहे हैं। हाल ही में वह दोस्तों के साथ गोवा पहुंची, जहां उनका ग्लैमरस अवतार नजर आया। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें उनका बदला-बदला अवतार नजर आ रहा है। सहेलियों के साथ वह गोवा ट्रिप पर हैं, जिसकी झलकियां देख सोशल मीडिया यूजर्स हैरान हैं। मोबाइल पर वीडियो बनते देख ममता कुलकर्णी ने अपनी अदाएं दीखिए।

हॉलीवुड मसाला




# डोरमोन को दिलाई खास पहचान

**लॉस एंजिल्स।** जापानी एनीमेशन इंडस्ट्री से एक बहुत ही दुखद खबर सामने आई है। 'डोरेमोन'को खास पहचान देने वाले मशहूर निर्देशक शिबायामा त्सुतोमु का 84 साल की उम्र में निधन हो गया है। उन्होंने करीब 20 साल तक इस शो को संभाला है और इस बीच कई 'डोरेमोन' फ्रेंचाइजी से जुड़ी कई शानदार फिल्में दी हैं। शिबायामा त्सुतोमु को जापान में अक्सर 'नेशनल एनीमेशन के पिता' कहा जाता था। उन्होंने 'डोरेमोन' को करीब 20 साल तक संभाला और इसे हर पीढ़ी के दिल तक पहुंचाया।



# स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे में हुई डॉक्टर बैनर की एंट्री

**लॉस एंजिल्स।** स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। ट्रेलर की शुरुआत में (टॉम हॉलैंड) पीटर पार्कर (जेंडाया) मिशेल यानी एमजे जोन्स वॉटसन के वीडियो देखने से होती है। जिसको देखने के बाद पीटर काफी नाराज हो जाता है और एक ऊंची बिल्डिंग से नीचे गिर जाता है। ट्रेलर में आगे यह भी दिखाया गया कि फिल्म में पीटर को किसी वजह से सभी भूल जाते हैं, यहां तक की उसकी गर्लफ्रेंड मिशेल और उसका दोस्त भी उसे नहीं पहचानते। आखिर में ब्रूस बैनर की एंट्री भी दिखाई गई है। टॉम हॉलैंड ने इंस्टाग्राम पर ट्रेलर शेयर किया और लिखा, 'अब एक नए दिन की शुरुआत हो रही है।' इसके साथ ही टॉम ने लिखा कि वह अपनी इस फिल्म को सभी के साथ शेयर करने के लिए काफी उत्साहित हैं। यह फिल्म 31 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।




# नागजिला का नया पोस्टर रिलीज...

**नई दिल्ली।** कार्तिक आर्यन अपनी अपकमिंग फिल्म 'नागजिला' को लेकर सुर्खियों में है। फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन का काम चल रहा है। यह फिल्म इसी साल रिलीज होने वाली है। मेकर्स ने एक पोस्ट के जरिए जानकारी दी है कि यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। प्राइम वीडियो ने इंस्टाग्राम पर 'नागजिला' का एक पोस्टर शेयर किया है। इसके साथ पोस्ट में लिखा है 'नागजिला- एक ऐसी दुनिया, जहां रूप बदलने वाले 'इच्छाधारी नाग' इंसानों के बीच रहते आए हैं। इसमें तब अफरा-तफरी मच जाती है, जब एक बेफिक्र रहने वाले इच्छाधारी नाग की 'नागमणि' और उसकी जान, एक सत्ता के भूखे खलनायक के कारण खतरे में पड़ जाती है।' आपको बता दें कि 'नागजिला' की शूटिंग 16 मार्च को पूरी हो चुकी है।



# राकेश धुरंधर-2 में निकले हुकुम का इक्का

**मुंबई।** फिल्म 'धुरंधर 2' में लीड रोल में रणवीर सिंह हैं। लेकिन क्लाइमैक्स सीन में कुछ ऐसा होता है कि दर्शक राकेश बेदी पर फिदा हो जाते हैं। अब उन्हें ही असली धुरंधर माना जा रहा है। फिल्म 'धुरंधर 2' में रणवीर सिंह, अर्जुन रामपाल, आर माधवन और संजय दत्त जैसे नामी कलाकारों के बीच टीवी और फिल्मों के दिग्गज कलाकार राकेश बेदी भी नजर आए। अपने उम्दा अभिनय से वह दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ने में कामयाब रहे। साथ ही फिल्म 'धुरंधर 2' के असली हुकुम का इक्का भी वही निकले हैं, यही वजह है कि अब फैंस उन्हें ही असली धुरंधर कह रहे हैं। फिल्म 'धुरंधर में राकेश बेदी ने एक पाकिस्तानी राजनेता का जमील जमाली का किरदार निभाया था। जमील की बेटी अलीना से ही हमजा का किरदार शादी करता है।

टीवी मसाला



# दीपिका के बेटे रूहान ने सलमान के घर के बाहर गाया ओ ओ जाने जाना

**नई दिल्ली।** दीपिका कक्कड़ और शोएब इब्राहिम ने पिछले दिनों अपने यूट्यूब व्लॉग में बेटे रूहान के साथ एक प्यारा सा पल शेयर किया। वीडियो में परिवार को मुंबई के बांद्रा इलाके में गैलेक्सी अपार्टमेंट्स के पास से गुजरते हुए देखा गया, तभी उनके छोटे बच्चे ने अपने गायन कौशल से सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। शोएब इब्राहिम ने एक वीडियो शेयर किया। इसमें दीपिका, शोएब अपने बेटे रूहान के साथ सलमान खान के प्रसिद्ध घर गैलेक्सी अपार्टमेंट के के पास से गुजरते नजर आ रहे हैं। इसी दौरान ड्राइव के बीच दीपिका रूहान से पूछती हैं कि उसका सलमान खान का फेवरेट गाना क्या है। जैसे ही दीपिका ने बेटे से पूछा, रूहान अपनी मासूम आवाज में गाने लगता है 'ओ ओ जाने जाना'। रूहान ने केवल गाया नहीं बल्कि उसने सलमान का डायलॉग भी दोहराया जिसमें वो कहता है 'न कोई मंजिल है, न कोई सफर...'। दीपिका और शोएब भी अपने बेटे के इस टैलेंट को देखकर हैरान और बेहद खुश दिख रहे हैं। वहीं काफी लोगों ने भी नन्हें से बच्चे की सलमान को लेकर दीवानगी पर हैरानी जताई है। रूहान बताता है कि उसे सलमान खान पसंद हैं। ये गाना सलमान खान की साल 1998 में आई फिल्म 'प्यार किया तो डरना क्या' का है जिसमें वो काजोल के साथ नजर आए थे। फिल्म में सलमान खान के साथ धर्मेंद्र भी अहम भूमिका में थे। वहीं अरबाज खान सलमान के भाई के रोल में थे। फिल्म का ये फेमस गाना कमाल खान ने गाया था जो आज भी दर्शकों के दिलों में बसा है।

## इरिटेटिंग चाची से नागिन ननद तक चाहिए

**नई दिल्ली।** कपिल शर्मा कॉमेडी शो में कॉमेडियन-एक्टर किकू शारदा अपने ऑन-स्क्रीन फीमेल किरदारों के लिए खूब पसंद किए जाते हैं। हाल ही में उनकी पत्नी प्रियंका ने मजेदार अंदाज में बताया कि वह



किकू को बार-बार महिला के अवतार में देखकर कैसा महसूस करती हैं। टीवी शो भाग्य का पहिया के दौरान एक दिलचस्प बातचीत में होस्ट अक्षय कुमार ने किकू से मजाकिया अंदाज में कहा कि उन्हें अक्सर चाची, मामी, मौसी, दादी जैसे किरदारों में ज्यादा देखा जाता है। इसके बाद अक्षय ने किकू की पत्नी प्रियंका से पूछा कि क्या उन्हें अपने पति को पत्नी के अवतार में देखना पसंद है? इस पर प्रियंका ने बेहद हाजिरजवाबी से जवाब दिया, सर मुझे रिश्तेदारों की कमी कभी महसूस नहीं होती है। मुझे इरिटेटिंग चाची चाहिए, नागिन वाली ननद चाहिए । इशारों से उन्होंने कहा कि ये सारे किरदार अकेले कीकू निभा लेते हैं।

# धुरंधर 2 के कायल हुए सेलिब्रिटी, अल्लू, अनन्या से लेकर कार्तिक ने की फिल्म की जमकर तारीफ

*धुरंधर का सीक्वल धुरंधर द रिवेंज सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म की रिलीज से पहले ही फैंस इसे लेकर काफी एक्साइटेड थे। एडवांस बुकिंग में भी फिल्म ने रिकॉर्ड तोड़ कमाई की है। अब कुछ बॉलीवुड सेलेब्स भी फिल्म देखकर आए हैं, जिन्होंने अपने रिएक्शन शेयर किए हैं।*

**मुंबई।** साउथ स्टार अल्लू अर्जुन ने फिल्म देखकर सोशल मीडिया पर अपना रिएक्शन शेयर किया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर कर फिल्म की जमकर तारीफ की। उन्होंने सभी एक्टर्स और डायरेक्टर आदित्य धर को फिल्म के लिए बधाई दी। डायरेक्टर राम गोपाल वर्मा ने भी एक्स पर फिल्म 'धुरंधर 2' को लेकर रिएक्शन दिया है। फिल्म को लेकर देर रात उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा, 'जिन लोगों ने भी आज फिल्म देखी, उन सभी ने मुझसे कहा कि 'धुरंधर' को सिर्फ पसंद ही नहीं करते हैं, इस फिल्म से शादी भी करना चाहते हैं। एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने भी इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर कर रणवीर सिंह की तारीफ की। उन्होंने फिल्म की तारीफ करते हुए 'बीस्ट' लिखा। एक्टर कार्तिक आर्यन ने भी अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म की सराहना



की है। उन्होंने फिल्म को 'टॉप नॉच' बताया और शानदार सिनेमैटिक अनुभव के लिए आदित्य धर की तारीफ की। साथ ही उन्होंने रणवीर सिंह की भी सराहना की। इसके साथ एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी और पति राज कुंद्रा अपनी पूरी फैमिली के साथ रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर 2' को देखने के लिए थिएटर पहुंची थी। 'धुरंधर 2' देखकर जैसे ही शिल्पा शेट्टी बाहर आई वहां मौजूद पैपराजी ने एक्ट्रेस से उनका रिव्यू पूछा, जिसपर एक्ट्रेस ने कहा, 'सुपर...आग लगा दी।' प्रीति जिंटा भी मूवी देखने पहुंची थी, जिसके बाद उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर फिल्म की तारीफ की। उन्होंने कैप्शन में लिखा- रिवेंज हो तो धुरंधर जैसा हो वरना ना हो।' इस बीच शनाया कपूर ने भी अपने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर कर मूवी की तारीफ करते फिल्म को माइंड ब्लॉइंग बताया।

# नेशनल ज्योग्राफिक 33 की लिस्ट में आलिया-प्रियंका का नाम

**मुंबई।** नेट जियो 33 की लिस्ट में दो भारतीय अभिनेत्रियों को जगह मिली। आलिया भट्ट और प्रियंका चोपड़ा का नाम इस लिस्ट में आया है। दोनों को समाज में अलग-अलग कारणों से जागरूकता फैलाने के लिए सम्मानित किया गया है। साल 2026 की नेशनल ज्योग्राफिक 33 सूची जारी हो चुकी है। इस सूची में दुनिया भर के समाज सेवियों के नाम शामिल हैं। लिस्ट में भारत से दो अभिनेत्रियों आलिया भट्ट और प्रियंका चोपड़ा का नाम भी शामिल किया गया है। आलिया भट्ट को जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए सूची में शामिल किया गया। साथ ही उन्होंने अलग-अलग तरीकों से पर्यावरण के लिए सक्रियता दिखाई। बच्चों के लिए लिखी हुई किताब 'एड फाइंड्स अ होम' के जरिए आलिया ने लोगों को पशु गोद लेने की सलाह दी। वहीं, दूसरी तरफ एक्ट्रेस ने अपने फैशन रीसेल 'मी वार्डरोब



इज सु वार्डरोब' के जरिए अपने और कई कलाकारों के कपड़ों को डोनेट किए। अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए भी आलिया इन सब कामों का प्रचार करती हैं और दूसरों के लिए प्रेरणा बनती हैं। वहीं अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा का नाम इस लिस्ट में इसलिए आया क्योंकि एक्ट्रेस ने इस साल स्वास्थ्य सेवाओं को आसान बनाने में योगदान दिया है। एक्ट्रेस ने मधुमेह के प्रति जागरूकता फैलाने की दिशा में काम किया। प्रियंका के पति निक जोनस भी 13 साल की उम्र से टाइप-1 मधुमेह से पीड़ित हैं। पांच साल से दोनों मिलकर भारत में 'बियॉन्ड टाइप 1' संस्था के जरिए लोगों तक मधुमेह के बारे सही जानकारी पहुंचा रहे हैं। इस सूची में हैरिसन फोर्ड, रसेल वेस्टब्रुक, शैलेन वुडली, इवान मैकग्रेगर और इड्रिस एल्बा जैसे सेलेब्स के नाम भी शामिल हैं।

## बिना शोर-शराबे के अपने अभिनय से एक अलग मिसाल कायम की

# 1974 में मिसाल बना ये एक्टर, 1 फिल्म में दिखाया कई किरदारों का जादू

*नई दिल्ली। 1974 का दौर हिंदी सिनेमा के लिए बेहद खास रहा, जब अमिताभ बच्चन, शशि कपूर और धर्मेंद्र जैसे सितारे पर्दे पर छाए हुए थे। उसी साल रोटी कपड़ा और मकान और दीवार जैसी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाई, लेकिन इसी भीड़ में एक ऐसा दिग्गज एक्टर भी था, जिसने बिना शोर-शराबे के अपने अभिनय से एक*



*अलग मिसाल कायम कर दी। इस एक्टर ने 1974 में आई एक फिल्म में कई अलग-अलग किरदार निभाकर दर्शकों को चौंका दिया। उस दौर में जब एक ही रोल में खुद को साबित करना चुनौती माना जाता था, तब इस कलाकार ने एक ही फिल्म में कई व्यक्तित्वों को इतनी सहजता से निभाया कि हर किरदार अलग पहचान बन गया।*

### वो मैं नहीं ने दी एक नई पहचान

1970 और 80 के दशक में हिंदी सिनेमा में कई स्टार्स ने अपने अभिनय का लोहा मनवाया, लेकिन कुछ कलाकार ऐसे भी थे, जिन्होंने अपने अभिनय में नयापन लाने की कोशिश की। ऐसे ही एक कलाकार थे नवीन निश्चल, जिन्होंने अपनी फिल्मों में हमेशा अलग और चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं को अपनाया। उन्होंने अपने कॅरियर में कई हिट फिल्में दीं। साल 1974 में आई फिल्म 'वो मैं नहीं' ने उन्हें एक नई पहचान दी। यह फिल्म खास इसलिए थी, क्योंकि इसमें नवीन निश्चल ने एक ही फिल्म में कई अलग-अलग किरदार निभाए। उस समय यह तरीका दर्शकों के लिए बिल्कुल नया और रोमांचक था।

### आलोचकों और दर्शकों दोनों ने सराहा

फिल्म में यह दिखाना कि एक ही अभिनेता इतने किरदारों में ढल सकता है, उस समय आसान नहीं था, लेकिन नवीन निश्चल ने अपनी कड़ी मेहनत और अनुभव से यह काम बेहद खूबसूरती से किया। उनके चेहरे के भाव, हाव-भाव और बोलने का तरीका दर्शकों के मन को भा गया। यही वजह थी कि फिल्म को आलोचकों और दर्शकों दोनों ने सराहा।

### बहुमुखी भूमिकाओं को अपनाया

नवीन निश्चल ने अक्सर अपने कॅरियर में इस तरह की बहुमुखी भूमिकाओं को अपनाया। यही उनकी सबसे बड़ी ताकत थी। चाहे वह 'हंसते जख्म' में गंभीर किरदार हो या 'विक्टोरिया नंबर 203' में मजाकिया रोल, उन्होंने हर बार दर्शकों को नया अनुभव दिया। फिल्म 'वो मैं नहीं' इस बात का शानदार उदाहरण है कि कैसे एक अभिनेता अपनी प्रतिभा और मेहनत से दर्शकों को रोमांचित कर सकता है।

### कई अलग-अलग लोगों के किरदार निभाए

फिल्म की कहानी आम जीवन से जुड़ी हुई थी। इसमें मुख्य रूप से यह दिखाया गया कि कैसे एक व्यक्ति अपने जीवन की कई अलग-अलग भूमिकाओं में खुद को ढालता है और समाज में अपनी पहचान बनाता है। कहानी में कॉमिक और गंभीर दोनों तरह के पहलू थे, जिससे दर्शकों को हर पल रोमांचक लगा, लेकिन सबसे बड़ा आकर्षण था नवीन निश्चल का अभिनय, जो हर किरदार में अलग अंदाज और भावना लेकर आया। नवीन निश्चल ने इस फिल्म में कमाल की बहुमुखी प्रतिभा दिखाई। उन्होंने फिल्म में कई अलग-अलग लोगों के किरदार निभाए। एक किरदार में वे एक शांत और समझदार इंसान थे, जो अपने परिवार और दोस्तों की मदद करता है। दूसरे किरदार में उन्होंने एक चालाक और मजाकिया इंसान की भूमिका निभाई, जो परिस्थितियों का लाभ उठाता है। तीसरे किरदार में उनका रूप गंभीर और तनावपूर्ण था, जिसमें उनके चेहरे के भाव और आवाज की ताकत ने दर्शकों को पूरी तरह अपनी ओर खींच लिया। इन सभी किरदारों में नवीन का अंदाज और अभिनय का तरीका बिल्कुल अलग था, लेकिन हर किरदार में उनकी कला की चमक साफ दिखाई देती थी।

## खबर संक्षेप

### भाजपा पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के सुनील बने जिला संयोजक



**बैकुण्ठपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव की सहमति से भारतीय जनता पार्टी पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ छग के जिला संयोजक सह संयोजक की घोषणा की गई है। इसमें कोरिया जिले से जिला संयोजक सुबेदार मेजर सुनील सिंह, नायब सुबेदार जिला सह संयोजक अशोक राजवाड़े, जिला सह संयोजक उमाशंकर साहू एवं कमांडर नेवी रंजीत सिंह को विष्ट प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में हर्ष व्याप्त है। जिले के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने बधाई प्रेषित की है। इस नियुक्ति से पूर्व सैनिकों की भागीदारी बढ़ेगी और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलेगी। नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन की विचारधारा को आम जनता तक पहुंचाने तथा पार्टी के कार्यक्रमों को सफल बनाने में अहम योगदान होगा।

### बारिश से महुआ संग्रहण प्रभावित, गेहूं व सब्जी को लाभ

**सोनहत।** खंड क्षेत्र में बीते दो-तीन दिनों से अचानक बदले मौसम का असर ग्रामीण अंचल की आजीविका पर दिखने लगा है। खासकर महुआ फसल के संग्रहण कार्य में हल्का व्यवधान उत्पन्न हुआ है। वनांचल क्षेत्रों के महुआ संग्राहकों ने बताया कि हालिया हल्की बारिश और ठंडे मौसम के कारण महुआ के फूलों को आंशिक नुकसान हुआ है, वहीं फूलों की गिरावट भी प्रभावित हुई है, जिससे संग्रहण की गति धीमी पड़ी है। हालांकि बारिश की तीव्रता कम रहने और ओलावृष्टि नहीं होने से फसल को कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। इसी कारण संग्राहक वर्ग अब भी अपने कार्य में जुटा हुआ है।

### नीतू बदल रही स्वच्छता की तस्वीर



**बैकुण्ठपुर।** ग्राम पंचायत सोनहत में एक महिला की पहल ने स्वच्छता की दिशा में बदलाव लाने में सफल हो रही है। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत चल रहे प्रयासों को नई गति देते हुए नीतू ने गांव को स्वच्छ बनाने का जिम्मा उठाया है। एक साधारण किसान परिवार से आने वाली नीतू, स्व-सहायता समूह की सक्रिय सदस्य हैं और स्वच्छता दीदी के रूप में जानी जाती हैं। नीतू ने सप्ताह में तीन दिन घर-घर जाकर कचरा संग्रहण शुरू किया और ग्रामीणों को गीले एवं सूखे कचरे को अलग रखने के लिए प्रेरित किया। ग्राम पंचायत की महिला सरपंच श्रीमती मानमती के सहयोग से गांव में स्वच्छता व्यवस्था मजबूत हुई है।

## निधन

### श्रीमती आशा सराफ

**मनेन्द्रगढ़।** नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी वाल्मिक ज्वेलर्स के संचालक विष्णु प्रसाद सराफ की धर्मपत्नी श्रीमती आशा सराफ का शुक्रवार की प्रातः निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 21 मार्च शनिवार को आमाखेरवा मुक्तिधाम में किया जाएगा।

न्यायालय नजूल अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.)
//उद्घोषणा//
सर्व साधारण ग्राम बैकुण्ठपुर तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया की आम जनता को इस ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदक अनुपम सोनी निवासी वार्ड नं. 11 डबरीपारा बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि छ.ग. द्वारा जारी निर्देशानुसार नजूल प्लाट क्रमांक 249/6 ख रकबा 975 वर्गफुट भूमि का वर्ष 1960 में नीलामी द्वारा लिया गया था, जिसका नवीनीकरण कराने हेतु की गयी है।
अतः उक्त संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 2/4/2026 को 11.00 बजे तक आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।
आज दिनांक 19/3/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के अधीन जारी।
नजूल अधिकारी एवं
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.)

# खनिज माफिया पर बड़ी चोट 5 वाहन जब्त, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



जिले में अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ खनिज विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई करते हुए ग्राम डुभापानी तहसील बैकुंठपुर में पांच वाहनों को जब्त किया गया है। गश्त के दौरान इन वाहनों को अवैध रूप से खनिज बोल्डर एवं हैंडब्रोकन (गिट्टी) का परिवहन करते पाया गया।

कार्रवाई करते हुए सभी वाहनों को मौके पर ही जब्त कर थाना बैकुंठपुर में अभिरक्षा में रखा गया है। सीजी 16 सीई 7100 मालिक अशोक चौधरी, सीजी 16 सीजी 8109 मालिक सुशील यादव, सीजी सीएम 4965 मालिक अशोक चौधरी, सीजी 16 सीटी 8629 मालिक सुरेश कुमार, सीजी 16 सीपी 6892 मालिक विनोद खलखो वाहन मालिकों के विरूद्ध छग गौण खनिज नियम 2015 की धारा 71 तथा खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23 (ख) के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी इस तरह की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखते हुए नियमित जांच और सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# डिजिटल स्वास्थ्य में एमसीबी की बड़ी उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



एमसीबी जिला में एक बार फिर स्वास्थ्य सेवाओं में अपनी प्रभावी कार्यप्रणाली के कारण चर्चा में है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत संचालित आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता अभियान में जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे छग में द्वितीय स्थान हासिल किया है।

यह उपलब्धि न केवल प्रशासनिक दक्षता का उदाहरण है, बल्कि डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में जिले की मजबूत पकड़ को भी दशार्ती है। एनसीडी पोर्टल के आंकड़ों अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 के अनुसार जिले में अब तक 81,762 एबीएचए कार्ड बनाए जा चुके हैं। खास बात यह है कि मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसे गैर-संचारी रोगों से ग्रसित 68,249 मरीजों को एबीएचए से जोड़ा गया है, जिससे कुल सीडिंग दर 47.8 प्रतिशत तक पहुंच गई है। यह आंकड़ा इस बात का प्रमाण है कि जिले में डिजिटल हेल्थ को जमीनी स्तर तक प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। एबीएचए कार्ड एक ऐसी आधुनिक डिजिटल व्यवस्था है, जिसके माध्यम से नागरिकों का पूरा स्वास्थ्य रिकॉर्ड-जांच रिपोर्ट, दवाइयां, डॉक्टर की सलाह और उपचार-एक सुरक्षित प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध रहता है। इससे मरीजों को बार-बार दस्तावेज लेकर भटकने की जरूरत नहीं होती और डॉक्टरों को भी मरीज का सटीक मेडिकल इतिहास तुरंत मिल जाता है, जिससे उपचार की गुणवत्ता बेहतर होती है।

# युवाओं के लिए सुनहरा मौका-वीबी-जी राम जी प्रतियोगिताओं की तिथि बढ़ी

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

जिले के युवाओं के लिए ग्रामीण विकास से जुड़ने और अपनी प्रतिभा दिखाने का एक बेहतरीन अवसर सामने आया है। वीबी-जी राम जी योजना के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है, जिससे अधिक से अधिक युवा इसमें भाग लेकर इनाम जीत सकें। ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित इस पहल के तहत माय भारत पोर्टल पर कई रचनात्मक और ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं।

इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य युवाओं को ग्रामीण विकास, रोजगार और आजीविका के नए अवसरों से जोड़ना है। इस योजना के अंतर्गत युवा 60 सेकंड एक मिनट का रील या वीडियो बनाकर माय भारत पोर्टल पर अपलोड कर सकते हैं। इसके साथ ही वीबी-जी राम जी योजना पर आधारित ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता में भी भाग लेकर अपनी जानकारी और कौशल का प्रदर्शन कर सकते हैं। पहले इन प्रतियोगिताओं की अंतिम तिथि 23 मार्च निर्धारित थी, लेकिन अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए इसे अब 15 दिनों के लिए आगे बढ़ा दिया गया है, इससे युवाओं को अपनी रचनात्मकता दिखाने और पुरस्कार जीतने का अतिरिक्त अवसर मिल गया है।

# उद्यमिता एवं स्टार्ट-अप अंतर्गत जागरूकता शिविर का आयोजन



**बैकुण्ठपुर।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बैकुंठपुर द्वारा वाणिज्य एवं उद्योग विभाग की विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए पंडित ज्वाला प्रसाद उपाध्याय शासकीय महाविद्यालय पटना बैकुंठपुर कोरिया में उद्यमिता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कोरिया विनय टेगर एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. बरखा सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शिविर में विभागीय अधिकारियों द्वारा विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रबंधक तीर्थ आनंद कंवर द्वारा छग शासन की स्टार्ट-अप एवं नवाचार नीति 2025-30 के बारे में बताया गया। वहीं सहायक प्रबंधक देवेन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना तथा प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की जानकारी दी गई। इसके अलावा प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र शिवनाथ सिंह खुसराम द्वारा छग की नवीन औद्योगिक विकास नीति 2024-30 पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को बताया गया कि किस प्रकार वे स्टार्ट-अप के अंतर्गत नवाचार एवं नए उत्पाद, सेवाएं विकसित कर शासन की नीतियों का लाभ उठाते हुए वित्तीय सहायता एवं अन्य सहयोग प्राप्त कर सकते हैं। इस शिविर में महाविद्यालय के लगभग 100 विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## सरगुजा ओलम्पिक 2026

# अंबिकापुर में खेल प्रतिभाओं का महासंगम एमसीबी के 311 खिलाड़ी रवाना

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



सरगुजा संभाग में खेल प्रतिभाओं के महापर्व सरगुजा ओलम्पिक का आयोजन 21 से 23 मार्च तक अंबिकापुर में किया जाएगा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में संभाग के सभी छह जिलों के खिलाड़ी अपने हुनर, जोश और जज्बे का प्रदर्शन करेंगे।

आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य न केवल खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करना है, बल्कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को पहचान दिलाना भी है। एमसीबी जिले से इस बार 311 खिलाड़ियों का दल विभिन्न खेल विधाओं में भाग लेने के लिए अंबिकापुर रवाना हुआ है। इनमें भरतपुर विकासखंड से 34, खड़गवां से 125 और मनेन्द्रगढ़ विकासखंड से 152 खिलाड़ी शामिल हैं। सभी खिलाड़ी पूरी तैयारी और आत्मविश्वास के साथ जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों के इस दल को जिला खेल अधिकारी विनोद जायसवाल के नेतृत्व में रवाना किया गया। रवाना होने से पहले खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके बेहतर प्रदर्शन और सफलता की कामना की गई। जिला प्रशासन और खेल प्रेमियों को उम्मीद है कि एमसीबी के खिलाड़ी इस संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करेंगे।

# उप स्वास्थ्य केन्द्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उन्नयन की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

बरबसपुर उप स्वास्थ्य केन्द्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में परिवर्तित करने की मांग जोर पकड़ने लगी है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने शासन से इस दिशा में शीघ्र पहल करने की अपील की है। भाजपा मंडल महामंत्री अमित राय ने इस संबंध में राज्य शासन के शीर्ष नेतृत्व को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि बरबसपुर क्षेत्र स्वास्थ्य सुविधाओं के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि बरबसपुर उप स्वास्थ्य केन्द्र के आसपास उजियारपुर, सोनबरसा, राधे नगर, रेलवे कॉलोनी, लोहरी सहित कई ग्राम आते हैं, जिनकी बड़ी आबादी इस केन्द्र पर निर्भर है, इसके अलावा यह क्षेत्र राष्टीय राजमार्ग से जुड़ा हुआ है और नागपुर से लगभग 7-8 किमी की दूरी पर स्थित होने के कारण यहां स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार अत्यंत आवश्यक हो जाता है। श्री राय ने कहा कि वर्तमान में उप स्वास्थ्य केन्द्र होने के कारण यहां सीमित सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे गंभीर मरीजों को दूरस्थ अस्पतालों में जाना पड़ता है। यदि इसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में



उन्नत किया जाता है तो क्षेत्रवासियों को बेहतर उपचार, चि कि त स की य सुविधाएं और आपातकालीन सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही मिल सकेंगी। इस मांग को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, भरतपुर-सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह तथा भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले से भी विशेष पहल करने का आग्रह किया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बरबसपुर क्षेत्र के ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। इस दिशा में सकारात्मक निर्णय से हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा और क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्था मजबूत होगी।

# सिंधी समाज ने मनाई झूलेलाल की जयंती

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़







पूज्य सिंधी पंचायत मनेन्द्रगढ़ द्वारा भगवान झूलेलाल जी की जयंती श्रद्धा, उल्लास के साथ संपन्न हुई। पूरे नगर में दिनभर भक्तिमय वातावरण बना रहा और समाजजन की भारी भागीदारी देखने को मिली। प्रातः 5:30 बजे भव्य प्रभात फेरी के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इसमें काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भजन-कीर्तन और जयकारों से पूरा शहर गूंज उठा। प्रभात फेरी शहर के विभिन्न मार्गों से होकर निकली, जहां जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया।

इसके पश्चात रायपुर से आए सुमित एवं उनकी टीम द्वारा बहराणा साहेब की विधिवत तैयारी की गई। संगीत मंडली के भक्ति गीतों ने माहौल को और अधिक आध्यात्मिक बना दिया। सुबह 10 बजे ज्योति प्रज्जवलित कर मुख्य संगीत कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसमें श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर नजर आए। दोपहर 12 बजे बाइक रैली निकाली गई। इसमें युवाओं का उत्साह देखने लायक था। वहीं मंदिर परिसर में निरंतर भजन-कीर्तन का आयोजन चलता रहा। दोपहर 1 बजे भगवान झूलेलाल की आरती की गई। इसमें सभी श्रद्धालुओं ने भाग लेकर सुख-समृद्धि की कामना की। दोपहर 2 से 4 बजे तक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम 5 बजे शोभा यात्रा निकाली गई, जो नगर भ्रमण करते हुए सरोवर पहुंची, जहां विधि-विधान से बहराणा साहेब का विसर्जन किया गया। रात्रि में पुनः भंडारे का आयोजन किया गया, इसके पश्चात सभी श्रद्धालु अपने-अपने घर लौटे। आयोजन में सिंधी समाज के सभी वर्गों में महिलाओं, युवाओं एवं बुजुर्गों की सहभागिता रही।

# चैत्र नवरात्रि पर आस्था का उमड़ा सैलाब, मंदिरों में भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़





जिले में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिल रहा है। पूरे मनेन्द्रगढ़ सहित आसपास के क्षेत्रों में देवी भक्तों में खासा उत्साह व्याप्त है। नौ दिनों तक चलने वाली इस विशेष आराधना में श्रद्धालु बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं और विभिन्न देवी मंदिरों में पूजा-अर्चना का क्रम लगातार जारी है। जिला मुख्यालय स्थित मां शीतला की मढ़िया, काली बाड़ी, काली मंदिर बस स्टैंड, छोटे सिद्धबाबा मंदिर, दुर्गा मंदिर नई लेदरी, श्री दुर्गाधाम आमाखेरवा रोड, कॉलेज के पास स्थित दुर्गा मंदिर सहित अन्य मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। वहीं जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों जैसे रतनपुर स्थित मां महामाया मंदिर और भगवानपुर स्थित मां चांग देवी मंदिर में भी दूर-दराज से काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। नवरात्रि के दौरान सभी मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। अखंड ज्योति और दीपों की रोशनी से मंदिर परिसर जगमगा उठे हैं, जिससे वातावरण और भी भक्तिमय हो गया है। सुबह और शाम की आरती में विशेष भीड़ उमड़ रही है, जहां भक्त मां के जयकारों के साथ पूरी श्रद्धा से पूजा में लीन नजर आते हैं। मां शीतला मंदिर में प्रतिदिन होने वाली महाआरती का विशेष महत्व है। यहां शाम होते ही भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ता है और पूरा परिसर जय माता दी के जयघोष से गूंज उठता है। महाआरती के दौरान का दृश्य अत्यंत मनमोहक होता है, जिसे देखने के लिए लोग दूर-दूर से पहुंचते हैं, इसके साथ ही मंदिरों में भंडारे का आयोजन भी किया जा रहा है, जो देर रात तक चलता है। श्रद्धालु काफी संख्या में प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं और सेवा कार्य में भी सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। युवा वर्ग से लेकर महिलाएं और बुजुर्ग तक इस धार्मिक आयोजन में उत्साहपूर्वक शामिल हो रहे हैं।

# भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ की घोषणा संगठन को मिलेगी मजबूती







हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

भारतीय जनता पार्टी कोरिया में संगठन विस्तार के तहत भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है। पार्टी नेतृत्व द्वारा जारी सूची में विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव की सहमति से व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक-सह संयोजक व प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों की घोषणा की गई है। इसमें कोरिया जिले से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोज गुप्ता, जिला संयोजक महेन्द्र वैद्य, जिला सह संयोजक सुमनकांत तिवारी को बनाया गया है। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के नवनियुक्त पदाधिकारी व्यापार वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगी। भाजपा कार्यकर्ताओं एवं व्यापार प्रकोष्ठ से जुड़े लोगों ने इस घोषणा का स्वागत करते हुए नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी हैं।

## पृष्ठ 1 का शेष

### एलपीजी, पेट्रोल-डीजल...

कदम उठाए जा रहे हैं। अवैध भंडारण और दुरुपयोग पर नियंत्रण के लिए जिला प्रशासन और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा नियमित जांच और छापेमारी की जा रही है। किसी भी अनियमितता पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उपभोक्ताओं की सुविधा के लए हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। किसी भी समस्या की स्थिति में उपभोक्ता टोल फ्री नंबर 1800-233-3663, 1967 या राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम 0771- 2511975 व कोरिया जिला में कंट्रोल कक्ष स्थापित किया गया है जहां 7648093823 पर संपर्क कर सकते हैं। सभी शिकायतों का निराकरण 24 घंटे के भीतर करने के निर्देश दिए गए हैं।

### महिला जागरूकता पत्रक...

कि गत दिनों शहर के प्रतिष्ठित होटल हसदेव इन में वी क्लब मनेन्द्रगढ़ समर्पण पत्रक विमोचन का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट मनीषा सोनी रहीं, जबकि अति विशिष्ट अतिथि के रूप में जीडीपी वी अनीता फरमानिया उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का कुशल संचालन ज्योति मजूमदार इस दौरान क्लब के सदस्य एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रभा पटेल, श्रीमती इंद्रा सेंगर, जिला सह सचिव पम्मी अरोरा, वी मधु जैन, वी सविता अग्रवाल, एरिया सचिव प्रतिभा अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष वी श्वेता पोद्दार, हेमा गायकवाड, निधि अग्रवाल, मीरा गुप्ता, डि. सह सचिव प्लानिंग प्रीति जायसवाल, माधुरी अग्रवाल, लीना शाह, शीला सिंह, अंजलि वर्मा, मंजू गोयल, बेबी मखीजा, कमलेश अरोड़ा, दविंदर कौर, हरजीत कौर, वर्षा अग्रवाल सहित क्लब की अन्य सदस्य उपस्थित रहीं। अंत में वी प्रतिभा अग्रवाल ने यह संदेश दिया कि सशक्त नारी, सशक्त समाज ही प्रगति का मूल मंत्र है।

